उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट—महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट—www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135—2669658 फैक्स न0 0135—2672902

पत्रांक:—परीक्षा/211 /2023—24 दिनांक: 27 जुलाई 2023

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड के अन्तर्गत अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड—52.1R) एवं उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अन्तर्गत अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड—52.2R) के पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 10—01—2021 को लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई।

अवगत करना है कि पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन उत्तराखण्ड लिमि0 के द्वारा **अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांन्त्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड—52.1R)** के 42 पद एवं **उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमि0 देहरादून** के द्वारा **अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांन्त्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड—52.2R) के 60** पदों की उत्तराखण्ड शासन से अनफ्रिज किए जाने की प्राप्त सूचना के आधार पर आयोग के द्वारा दिनांक 08 जनवरी, 2022 को **अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांन्त्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड—52.1R) व (पद कोड—52.2R)** के अनफ्रिज पदों के सापेक्ष अभिलेख सत्यापन हेतु द्वितीय भाग की औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी की गई।

सूच्य है कि अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांन्त्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड—52.2R) में आयोग द्वारा दिनांक 09 जून, 2023 को जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के सापेक्ष अभिलेख सत्यापन की तिथि को अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी के स्थान पर **अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांन्त्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड—52.2R)** के अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित की जा रही है। उक्त पद कोड में चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन दिनांक 03—08—2023 को आयोग कार्यालय में किया जायेगा।

अतः समस्त चयनित अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :—

1. उक्त पद कोड की जारी श्रेष्ठता सूची के अनुसार अभिलेख सत्यापन की नियत तिथि को अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा विज्ञापित पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अनुरूप आवेदन पत्र में शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता व अन्य प्रमाण पत्र अंकित किए गये, की स्वप्रमाणित दो—दो प्रतियाँ (अलग—अलग) व 06 पास पोर्ट आकार की फोटोग्राफ के साथ **निर्धारित तिथि 03—08—2023** को **प्रातः 9.30 बजे आयोग कार्यालय** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
2. ध्यान दें कि शैक्षिक अर्हता के अन्तर्गत विज्ञापित पद के अनुरूप अभ्यर्थी की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट व अन्य समस्त वर्षों सहित अंक तालिकायें व प्रमाण पत्र तथा आरक्षण व स्थाई निवास से संबंधी प्रमाण पत्रों के मूल अभिलेखों सहित नियत तिथि को उपस्थित होना अनिवार्य है। **आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक का वैध प्रमाण पत्र, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो,** को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. अभ्यर्थी के नाम/पिता के नाम में विभिन्न प्रमाण पत्रों में साम्य न हो तो उक्त के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य है।
4. आयोग की वेबसाइट पर **संवाद संख्या—79 के साथ अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप (चैकलिस्ट)** एवं **अभिलेख सत्यापन में उपस्थिति हेतु औपबन्धिक प्रवेश पत्र** संलग्न है। कृपया उक्त प्रारूपों को डाउनलोड कर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण दो—दो प्रतियाँ (अलग—अलग) में तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे।
5. यदि अभिलेख सत्यापन की निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावे के अनुरूप सही अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थियों को वांछित अभिलेख आयोग कार्यालय में जमा किये जाने हेतु अधिकतम 07 दिन का समय प्रदान किया जायेगा। यदि अतिरिक्त 07 दिन की अवधि में भी अभ्यर्थी द्वारा अभिलेख आयोग कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है तो उनका अंतिम चयन परिणाम हेतु विचार नहीं किया जायेगा।
6. आयोग परिसर में मोबाईल फोन, कैमरा तथा अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव

UTTARAKHAND SUBORDINATE SERVICE SELECTION COMMISSION

PROVISINAL MERIT LIST FOR FOURTH ROUND (PHASE-II) OF CANDIDATE FOR DUCUMENT VERIFICATION

Post Name: पद कोड– 52.2(R) पदनाम– कनिष्ठ अभियन्ता

S.No.	Roll No.	Name/Father's Name	Gender	Cate.	Sub Cate.	Gen- Rank	Exam Marks
		GENERAL MERIT LIST					
1	2401520166	ASHISH SEMWAL S/O Mr. PITAMBAR DUTT SEMWAL	MALE	GEN	NA	127	78.75

यह श्रेष्ठता सूची पूर्णतः औपबंधिक है। श्रेष्ठता सूची की सामान्य रैंक 'उत्तराखण्ड (उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली, 2008 व उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या– 220/XXX(4)/2017-03(10)/2017 दिनांक 19 जुलाई, 2017 के आधार पर तैयार की गयी है। अभिलेख सत्यापन आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में निर्धारित अर्हता तथ अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं व उसकी पुष्टि के आधार पर स्वीकार किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन की पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त ही अभ्यर्थी की नियुक्ति संबंधित विभाग हेतु संस्तुति की जाएगी। इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

हिमांशु कफल्टिया
परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
देहरादून